delimitation till 2020 or 2026, or whatever it is, in the future, but in the past, if these two States had lost Lok Sabha seats, I think, Sir, if you want to send a signal to the country that you will not be penalised for succesful family planning, let us restore three seats to Tamil Nadu and one seat to Kerala. I would appeal to you, Sir, that in this case, restrospective justice is required.

MR. VICE-CHAIRMAN (SHRI FALI S. NARIMAN): Good point. Mr. Jothi, if you don't mind, just make out a little note and give it to the Law Minister and send me a copy also. It should be a political; it should not be political.

SHRI N. JOTHI: No, Sir. When it is related to law, there is no politics.

DR. M.S. GILL: Sir, since we are on this problem, and the Law Minister is also here, I want to say something. There is a new problem emerging on this. I am saying this because I have studied it at that time. I indicated to you what and happened. Now, this freezing, at one level, it is illogical because the Constitution requires all seats to be balanced. If these are parliamentary seats, they have to be balanced. Now, it the northern States, particularly 4-5 States which we all Know, are going to go on increasing population in a big way for complex social reason—and others are going to European levels of population control, then, for the Commission and the country, a northern parliamentary seat will be 2.00 million average and a southern parliamentary seat will be 1.2 million average. That too becomes more and more absurd. So, we have to look at Family Planning and a whole lot of thing together.

SHRI ROBERT KHARSHING (Meghalaya): Sir, I am grateful to Mr. Ramesh, my hon. colleague, for raising this important issue. I would only like to add that besides retrospective justice, on which I fully agree with him, we should also adopt a system of incentives. There should be a system of incentives for those States, individuals or families, which are willing to control their population.

Secondly, we should have a proper debate on this important issue.

SHRI N. JOTHI: Sir, I am very happy that the House shares this concern. Losing of three seats alone is not the main criterion. But losing of importance of our voice in the House of People is. Some bonus should be given to people. It can be equated by giving bonus in this matter.

Sir, the next point deals with health centres. There is common cry almost all over India that doctors are not willing to work in rural areas. That issue can be sorted out. I have a suggestion here. We are subsidising medical education. The cost of a doctor's education is incurred from public exchequer. He can be asked to execute a bond or a guarantee letter at the time of his entry into the medical college that he will definitely serve in rural areas for at least 2-5 years after completion of his course, failing which he will refund a certain amount of money, which the Government spent on him. Because the amount he pays for his education does not satisfy the entire expenditure of education. Like that, by bringing forward a legislation or by bringing forward an authority to that extent, we can compel students, who are entering into medical colleges, to serve definitely for a particular period in rural areas. That way, we can encourage them to work in rural areas. Otherwise, there will be more doctors in urban areas and there will be no doctors in rural areas. This can be sorted out in that way.

Lastly, I come to the ninth commandment. Instead of ten commandments, my friend mentioned nine commandments. It says, "prepare an economic policy to ensure its proper implementation with more Foreign Direct Investment." Sir, again, it is a myth. Nowadays Foreign Direct Investment is quite often discussed. The Foreign Direct Investment has not brought any harmony to this country. Rather it has killed Small Scale Industries and Cottage Industries. We must have a rethinking on Foreign Direct Investment. It comes only in soft drinks. That is the biggest area where we have attracted more Foreign Direct Investment. Sir, people are not getting frustrated; on the contrary, they are in the greatest anger. They are very angry over the governance of this country. If you want to curtail this and keep them in good humour, you must change your policies and you must rule well and better. Thank you, Sir.

श्री मूल चन्द मीणा (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष महोदय, डा॰ टी॰ सुब्बारामी रेड्डी साहब द्वारा जो संकल्प उपस्थित किया गया है, वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। रोटी, कपड़ा और मकान, मनुष्य की ये तीन ही आवश्यकताएँ होती हैं और अगर इनकी पूर्ति हो जाती है, तो मनुष्य के लिए किसी और चीज की आवश्यकता नहीं है। लेकिन आज़ादी के 57 साल बाद भी हमारे देश के अन्दर ये तीन मूलभूत सुविधाएँ, जो आवश्यक हैं, हम सारे लोगों को उपलब्ध नहीं करा पाए। मैं सुब्बारामी

रेड्डी जी को धन्यवाद देना चाहूँगा कि उनके दिल में गरीबों के लिए सोच है। गरीबी में जीवनयापन करने वाले लोगों के लिए सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए यह संकल्प आप लाए हैं। सुब्बारामी रेड्डी जी ने स्वयं एक उद्योगपति होते हुए भी यह संकल्प उपस्थित किया है।

आज़ादी के बाद रोटी, कपड़ा और मकान की आवश्यकता को पूरा करने के लिए इस देश के प्रथम प्रधानमंत्री, जवाहरलाल नेहरू जी ने पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से इस देश के विकास के लिए, देश में मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, योजनाएँ प्रारम्भ की थीं। एक स्थिति यह थी, जब हिन्दुस्तान के अन्दर कपड़ा सीने के लिए जो सूई होती है, वह भी विदेश से मँगाई जाती थी, एक स्थिति यह थी, वही आज उन पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से हम इस देश के अन्दर एक हजार की आबादी तक के गाँवों के अन्दर सड़कें पहुँचा सके, शिक्षा के लिए स्कूल बना सके, बड़े कस्बों के अन्दर स्वास्थ्य की व्यवस्थाएँ कर सके। लेकिन आम आदमी को, जो गरीब है, हम उसके लिए पूरी तरह मकान की व्यवस्थाएँ, खाने की व्यवस्थाएँ, पीने के पानी की व्यवस्थाएँ सिंचाई की व्यवस्थाएँ नहीं कर पाए।

रेड्डी साहब ने अपने संकल्प में नदियों को जोड़ने के लिए एक व्यापक नीति तैयार करने की बात कही है। इस देश के अन्दर सिंचाई के साधन कुएँ या बावड़ी या छोटे-छोटे तालाब हुआ करते थे। उस समय वर्षा अच्छी होती थी, वर्षा ज्यादा होती थी। उपसभाध्यक्ष महोदय, लेकिन आज हिन्दुस्तान का बहुत बड़ा हिस्सा बाढ़ और सूखे की चपेट में रहता है। जब नदियों को जोड़ने की बात आती है, जिससे इस बाढ़ और सूखे से छुटकारा मिल सकता है, तो मैं कहना चाहता हूँ कि इस योजना को श्रीमती इन्दिरा गाँधी ने आरम्भ किया था। उनकी सोच थी कि देश के अन्दर पानी के संसाधनों को बढ़ाया जाए। इसके लिए उन्होंने 1980 में राष्ट्रीय जल आयोग की स्थापना की, ताकि वे अध्ययन करें कि किस प्रकार से हम सिंचाई के लिए साधनों को बढ़ा सकते हैं, किसान की जमीन के लिए सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। उस के बाद 1982 में नदियों के एकीकरण की योजना के निर्माण के लिए राष्ट्रीय जल विकास अधिकरण का गठन किया गया। उस अधिकरण ने, विषय का अध्ययन किया और विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिकों से राय लेने के बाद, उनके विचार सुनने के बाद, सर्वे करने के बाद, 30 ऐसे संपर्कों की पहचान की और राय दी कि देश में 30 ऐसी नदियां हैं, यदि उन्हें जोड़ दिया जाए तो हिंदुस्तान में राजस्थान, यू॰ पी॰, हरियाणा, गुजरात, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, उड़ीसा, बिहार आदि राज्यों में सूखा और बाढ़ से लोगों को राहत मिल सकती है। किसानों को खेती के लिए पानी सहज ही सुलभ हो सकता है और लोगों को पीने के लिए पानी भी सुलभ हो सकता है। यह योजना चलती रही। उपसभाध्यक्ष महोदय, साथ ही देश में 14 ऐसी नदियां हैं जो हिमालय से निकलती हैं और उन नदियों को जोड़ने का भी एक कार्यक्रम था। दूसरे प्राय द्वीप से निकलने वाली 17 ऐसी नदियां हैं जिन को भी इस योजना के अंतर्गत जोड़ने का कार्यक्रम था। राष्ट्रीय जल विकास अधिकरण ने

अपना अध्ययन करने के बाद रिपोर्ट तैयार की। उस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए एन॰डी॰ए॰ की सरकार के प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस कार्यक्रम को हाथ में लेने के लिए बहुत बढ़-चढ़कर बातें कहीं कि हम इन नदियों को जोड़ेंगे, लेकिन उनके घोषणा करने के बाद जब देश के कुछ वैज्ञानिकों ने उस में खामियां गिनायीं तो उस योजना को एक कार्य-दल बनाकर ठंडे बस्ते में रख दिया गया। वह योजना आगे नहीं बढ़ी।

अब इस सरकार ने संकल्प किया है और नदियों को जोड़ने के प्रथम चरण में कुछ स्वीकृतियां हुई हैं, जैसे पार्वती और काली सिंध को राजस्थान की चम्बल नदी से जोड़ने की स्वीकृति है। अगर इस तरह लोगों के लिए पानी की व्यवस्था हो जाती है तो देश में खेती की पैदावार तो बढ़ेगी ही, लोगों के लिए यातायात के साधन, आर्थिक उन्नति, और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे व अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसलिए नदियों को जोड़ने के कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जाए जिससे विकास का एक मजबूत साधन तैयार हो जाये। उपसभाध्यक्ष महोदय, इस देश की दो-तिहाई जनता गांवों में खेती पर आधारित है। यदि खेती का विकास कर दिया गया तो रोटी और कपड़े की बात जो डा॰ सुब्बारामी रेड्डी जी कह रहे हैं,इस सुविधा को बहुत ज्यादा प्रभावशाली ढंग से हम पूरा कर पाएंगे।

साथ ही सुब्बारामी रेड्डी जी ने हाउसिंग की भी बात कही है। उपसभाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी ने देश के आम लोगों के लिए हाउसिंग की योजना आरंभ की थी। इंदिरा आवास योजना के माध्यम से इस देश के गरीब लोगों को मकान उपलब्ध हो रहे हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी तो हैं नहीं, अगर कोई और मंत्री नोट कर रहा हो तो वह ध्यान दें। महोदय, इंदिरा आवास योजना एक अच्छी योजना है, लेकिन इस की कार्य-प्रणाली में, नीचे के स्तर पर जाकर गरीबों को मिलने वाले मकानों में बहुत करप्सन होता है। मकान के लिए जितने पैसे, 15 हजार रुपए, उसको मिलते हैं, उसमें से ज्यादा-से-ज्यादा उसको 5 हजार रुपए मिल पाते हैं, 10 हजार रुपए करप्शन में चले जाते हैं। इसी प्रकार से DRDA के माध्यम से कई योजनाएँ चल रही हैं। सरकार उनका पता लगाए, मूल्यांकन कराए कि उन योजनाओं का क्या हो रहा है? हम इतना पैसा खर्च करते हैं, उसके बाद भी जब हम विकास देखते हैं, तो DRDA की जो कई योजनाएँ चल रही हैं, उससे विकास कहीं दिखाई ही नहीं देता। केवल एक काम में विकास दिखाई देता है। M.P.L.A.D. से यदि कहीं काम होना है, तो वह काम लोगों को जरूर दिखता है कि काम हो रहा है। हम इतना पैसा पंचायतों को देते हैं, कई योजनाओं में देते हैं, कई योजनाएँ चला रखी हैं। लेकिन, उपसभाध्यक्ष महोदय, अब जब हम practical देखते हैं तो जो DRDA है, उन योजनाओं के नाम पर करप्शन का एक अड्डा बना हुआ है। उनसे एक-एक योजना पर कितना पैसा, कहाँ कितना खर्च हुआ है, उसका मूल्यांकन करा लिया जाए। जब हम भ्रष्टाचार की बात करते हैं तो राजनीतिक आदमी भ्रष्टाचार भी न करे और अखबार में झूठी खबर भी छप जाए तो वह बदनाम

हो जाता है, लेकिन सारा पैसा जो बैठे हुए ऑफिसर लोग खा रहे हैं, उनके बारे में कुछ चर्चा नहीं होती है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, डा॰ सुब्बारामी रेड्डी जी ने यह कहा और जनसंख्या वृद्धि और उसके कम करने पर भी यहाँ काफी डिस्कशन हुआ। उसमें परिसीमन तक को रोका गया। हिन्दुस्तान के लिए यह बहुत जरूरी है। अपने पड़ोस के देश चीन की जब हम तुलना करते है, तो उन्होंने इस अभियान को, जनसंख्या कम करने के अभियान को बड़ी सख्ती के साथ लागू किया है। यदि आज हमने इस पर कंट्रोल नहीं किया तो आने वाले कुछ दिनों में हिन्दुस्तान चीन से ज्यादा जनसंख्या वाला देश हो जाएगा। लेकिन, जनसंख्या कम करने का हमारा मन होना चाहिए, हमारा संकल्प होना चाहिए। जनसंख्या कम करने की पहली सोच श्रीमति इंदिरा गांधी की थी, जिन्होंने जनसंख्या कम करने के लिए अभियान चलाया। फिर हमारे साथी लोगों ने सत्ता की लालच में जनता के बीच कई प्रकार के नारे दिए, लेकिन श्रीमती गांधी अपने इस संकल्प से नहीं हटी। उनकी कुर्सी चली गई, उनका राज चला गया। लेकिन इंदिरा गांधी ने जनसंख्या कम करने का जो संकल्प लिया था, उसमें हमारे देश के अंदर कुछ ऐसी पार्टियाँ हैं, पॉलिटिकल पार्टियाँ हैं, उनको सोचना पड़ेगा। जो धर्म-आधारित हैं, उनको सोचना पड़ेगा कि हमने देश के नुकसान के लिए धर्म की आड़ लेकर जो पार्टी बना रखी है, अपने देश का नुकसान नहीं करें और जनसंख्या कम करने का जो लक्ष्य है, उसको पूरा करने में सहयोग करें।

देश के उन्नति की, देश के विकास की गरीब के लिए रोटी और मकान की चिन्ता किसको है, किस पार्टी को है? कौन-सी पॉलिटिकल पार्टी इनका हित चाहती है, उन लोगों को, गरीब लोगों को ऊँचा उठाना चाहती है? इंदिरा जी ने इस देश के ऐसे लोगों को, जिनके पास भूमि नहीं थी, भूमिहीन थे, काम करते थे, भूमिधारकों के पास बेगारी का काम किया करते थे, बड़े भूमिधारकों से लैंड सीलिंग के माध्यम से भूमि अधिगृहित करके और कई जगह गवर्नमेंट की लैंड को भी ऐसे लोगों के हाथ में दिया। एक समय था, जब हिन्दुस्तान के अंदर खाने के लिए अनाज भी अमेरिका से मंगाया जाता था। लेकिन यह प्रयत्न और संकल्प जो इंदिरा जी का था, वह उन्होंने हिंदुस्तान के अंदर हरित क्रांति का नारा देकर, खेती के लिए सुविधा देकर पूरा किया। हमारे यहां पहले जो अनाज विदेशों से मंगाया जाता था, उसे आज हम हिंदुस्तान में पैदा ही नहीं करते हैं बल्कि विदेशों को भी अनाज भेजते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यहां आर्थिक नीति की बात और कही गई है। हमारे हिंदुस्तान की आर्थिक नीति के लिए जवाहर लाल नेहरू जी ने लघु उद्योगों का महत्व दिया था। आप देखिए, ये लघु उद्योग कहां चलते हैं? ज्यादातर गांवों के अंदर ये लघु उद्योग चलते हैं। आज लघु उद्योगों की स्थिति क्या हुई है? आज ये लघु उद्योग मृत जैसे महसूस हो रहे हैं। लघु उद्योग में जो काम होता

था, आज ये लघु उद्योग समाप्त होने की ओर जा रहे हैं, जिसकी ओर सरकार को विशेष ध्यान देना होगा कि पूरे लघु उद्योग जीवित रहें, जिससे गांवों के अंदर लोगों को रोजगार मिले। इसी के साथ ही गावों के अंदर लोगों को सुविधाएं मिलें, गांवों के अंदर स्वास्थ्य की, शिक्षा की सुविधाएं मिलें, बिजली मिले, पीने का पानी मिले, सिंचाई का पानी मिले और यह तभी हो सकेगा, जब सरकार अपना दृष्टिकोण खुला रखेगी। जो सरकार की योजनाएं, अच्छी योजनाएं हैं, उनको आज अच्छी तरह से लागू करने की आवश्यकता है। जो पैसा योजनाओं के लिए हम देते हैं, उस पैसे का सही उपयोग होना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस संकल्प का समर्थन करता हूँ। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI FALI S. NARIMAN): Mr. Reddy, the Members were very upset that you were not here to hear their congratulation to you on your moving this Resolution. Nobody opposed this Resolution. So, you must be here. Now, Prof. Ram Deo Bhandary.

प्रो॰ राम देव भंडारी (बिहार): धन्यवाद, उपसभाध्यक्ष महोदय। मैं डा॰ सुब्बारामी रेड्डी जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने इस संकल्प के माध्यम से देश की जो बुनियादी समस्याएं हैं -रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य, इनकी ओर सदन का ध्यान आकृष्ट किया है। महोदय, समाजवादी आंदोलन में हम अपने नेताओं के साथ एक नारा लगाते थे- ''रोटी, कपड़ा और मकान, मांग रहा है हिंदुस्तान''। हमें अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली। आजादी की कल्पना सिर्फ हमने अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति के लिए नहीं की थी बल्कि इसके साथ यह भी जुड़ा हुआ था कि आजादी के बाद अपना राज होगा, अपने राज में हम इस देश की जनता के लिए रोजी, रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य, शिक्षा, की व्यवस्थाएं करेंगे। रेड्डी जी ने इस संकल्प में ठीक कहा है कि स्वतंत्रता के 57 वर्ष बीत जाने के बाद भी इस देश की जनता के हम मूलभूत सुविधाएं, बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करा पाए हैं। मैंने पढ़ा है कि रोटी, कपड़ा और मकान की बात तो छोड़ दें, पीने का पानी भी, सुरक्षित पानी भी, इस देश की जनता को हम मुहैया नहीं करा पाए हैं। 6 व्यक्तियों में एक व्यक्ति को सुरक्षित या शुद्ध पेयजल भी नसीब नहीं होता। अभी लोग भूख से मरते हैं, कुपोषण से मरते है। गरीबी अभिशाप है, कलंक है। महोदय, अभी देश में 26 प्रतिशत लोग, अगर मेरा आंकड़ा ठीक नही हो तो ठीक कर देंगे, गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे हैं। गरीबी रेखा से नीचे जीवन करने का यह अर्थ होता है कि उनके पास खाने के लिए रोटी नहीं है, पीने का शुद्ध पानी नहीं है, रहने के लिए मकान नहीं हैं। इस देश में लाखों लोग अभी भी सड़कों पर सोते हैं। दिनभर वे काम करते हैं रोजी-रोटी की व्यवस्था करते हैं और रात को कुछ खा-पीकर सड़क पर सो जाते हैं। हजारों लोग ऐसे हैं, जो सड़क पर जन्म लेते है। सड़क पर ही मर जाते हैं। यह स्थिति है अपने देश की।

मीणा जी भ्रष्टाचार की बात कर रहे थे - एक रुपया जब यहां से चलता है तो जिसके लिए हम वह रुपया भेजते हैं, उस तक पहुचते-पहुंचते केवल 15 पैसे रह जाते हैं। जिन लोगों के लिए योजना चलाना चाहते हैं, जिस योजना के माध्यम से हम देश का लोगों का, विकास करना चाहते हैं उन तक पैसा पहुंचता ही नहीं है। यह एक बड़ी समस्या है। सार्वजनिक क्षेत्रों में भ्रष्टाचार इतना बढ़ा कि एक रुपया पहुंचते-पहुंचते 15 पैसे हो जाता है, फिर निर्धनता समाप्त कैसे होगी?

इस देश में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। जो विकसित प्रदेश हैं वहां से भी शिकायतें आई हैं, पिछड़े राज्यों की बात छोड़ दीजिए। विकसित प्रदेशों से भी समाचार आते है कि हजारों की संख्या में किसानों ने आत्महत्या की है। इस देश में 70 प्रतिशत लोग कृषि से जुड़े हुए हैं, चाहे वे किसान हों या कृषि मजदूर। हम कृषि पर पैसा नहीं खर्च करते। माननीय रमेश जी बैठे हुए हैं, उनके पास सारे आंकड़े होते हैं, हम कृषि पर खर्च रहीं करते, स्वास्थ्य पर खर्च नहीं करते, बहुत कम पैसा खर्च करते हैं।

महोदय मैंने पढ़ा कि प्रसव के दौरान हजारों गर्भवती महिलाएं मृत्यु को प्राप्त होती हैं। 5 वर्ष से कम उम्र के लाखों बच्चे उपने देश में कुपोषण से मरते हैं। झुग्गी-झोपड़ी की समस्या है। गांवों मे लोग रहना नहीं चाहते, वहां उनके पास काम नहीं हैं।

अभी हम बाढ़ की समस्या के बारे में चर्चा कर रहे थे। पता नहीं प्रकृति इस सदी में किस दिशा में इस देश को ले जा रही है। बिहार में हर वर्ष चर्चा होती है, बाढ़ के बारे में, मगर इस समय स्थिति यह है कि बिहार में पानी नहीं है। बिहार में पानी आता है, बाढ़ आती है, उसमें बिहार की नदियों का बहुत बड़ा योगदान नहीं होता, नेपाल से जो नदियां आती हैं, वे पानी लाती हैं। जब नेपाल में पानी होता हे तो बिहार में बाढ़ आती है। बिहार में एक बूंद भी पानी नहीं हो, कोई फर्क नहीं पड़ता है, नेपाल में पानी होता है, बिहार में बाढ़ आती है। नदियों के एकीकरण के बारे में मीणा जी बोल रहे थे। यह योजना देखने में और सुनने में बहुत अच्छी लगती हैं। एक तरफ बाढ़ से जो पानी बेकार चला जाता है, उसे हम सूखा-ग्रस्त क्षेत्रों तक पहुँचाएं, लेकिन क्या यह फीज़िबल है, क्या यह वायबल है? अभी तक तो मैं समझता हूं कि इसकी फीजिबिलिटी रिपोर्ट भी तैयार नहीं हुई है और जैसा कि मैंने पढ़ा था कि संभवत: 2008 तक यह रिपोर्ट तैयार होगी। बाहर से नदियां आती हैं, नेपाल से आती हे, चीन से ब्रह्मपुत्र नदी आती है, फिर उनके बारे में क्या होगा? यह योजना 5,60,000 करोड़ की है। अभी तो केवल नर्मदा एवं कावेरी को लेकर दो राज्य झगड़ रहे हैं, लेकिन जब सभी राज्यों से नदियों का एकीकरण हो जाएगा, तो सभी राज्यों की पानी के बारे में जो समस्याएं होंगी, उनका समाधान कौन करेगा? इसीलिए मैंने इनसे कहा है कि अगर नदी एकीकरण योजना की फीज़िबिलिटी, वायबिलिटी की अच्छी तरह जांच कर ली जाए तो बहुत अच्छा होगा। मैं इस योजना से असहमति व्यक्त नहीं करता हूं, मगर मुझे लगता है कि यह योजना

सभी राज्यों की सहमति से हो, क्योंकि पानी की समस्या कहीं न कहीं रहती ही है। मैंने पढ़ा था कि अगला वर्ल्ड वार शायद पानी की समस्या के लिए ही होगा। पानी की इतनी जटिल समस्या देश में ही नहीं दुनिया भर में भी पैदा होने जा रही है। अगली बार पानी के लिए ही एक राज्य दूसरे राज्य से, एक देश दूसरे देश से लड़ेगा। इसीलिए नदी एकीकरण योजना पर जो हमारे देश के वैज्ञानिक हैं, विशेषज्ञ हैं, बहुत गंभीरता पूर्वक विचार कर लें।

योजना इस प्रकार से बने कि सभी राज्यों की इस पर सहमति हो। अगर यह योजना अच्छी तरह से कार्यान्वित हो जाती है तो यह बहुत अच्छी बात होगी।

महोदय, शैक्षणिक कार्यक्रम के बारे में भी इन्होंने चर्चा की है। सदन में चर्चा होती भी रहती है। पहले वर्ष में जो लड़के अपने स्कूल में नामांकन करवाते हैं, पांचवी-छठी कक्षा तक जाते-जाते कितने ड्रॉप आउट होते हैं और दसवीं से गयारहवीं तक जाते-जाते कितने ड्रॉप आउट होते हैं। यहां पर तो शिक्षा भी दो स्तरों की होती है, एक तरफ म्युनिसिपल स्कूल में पढ़ने वाले लड़के, दूसरी तरफ डी॰पी॰एस॰ में पढ़ने वाले लड़के, इस प्रकार दो तरह की शिक्षा यहां चल रही है। गरीबों के बच्चों के लिए, जो म्युनिसिपल स्कूलों में पढ़ते हैं, उनके लिए अलग प्रकार की शिक्षा की व्यवस्था है। जब हम समान शिक्षा की बात करते हैं तो सबको एक प्रकार की शिक्षा मिलनी चाहिए, पर ऐसा हो नहीं रहा है। डी॰पी॰एस॰ स्कूल में पढ़ने वाला लड़का आई॰ए॰एस॰ बनेगा, आई॰पी॰एस॰ बनेगा, बड़ा वकील बनेगा, बड़ा प्रोफेसर बनेगा, लेकिन वहीं दूसरी ओर म्युनिसिपल स्कूल में पढ़ने वाला लड़का, क्लर्क, चपरासी बनेगा। इस प्रकार हम लोगों को जो शिक्षा देते हैं, अपने देश के बच्चों को, अपने देश के नागरिकों को जो शिक्षा देते हैं, वह शिक्षा समान होनी चाहिए, मगर ऐसा लग नहीं रहा है। हम सभी को समान शिक्षा दे पाएंगे मुझे यह भी फीज़िबल नहीं लग रहा है, वायबल नहीं लग रहा है।

मैंने कृषि क्षेत्र के बारे में चर्चा की है। कृषि क्षेत्र पर हम बहुत कम खर्च करते हैं। 1961 में कृषि क्षेत्र का योगदान 61 प्रतिशत था, यह मैंने कहीं पढ़ा था, उसी आधार पर कह रहा हूं, किन्तु आज 24 प्रतिशत रह गया है। कृषि क्षेत्र का योगदान घटता चला जा रहा है। हम कहते हैं कि कृषि इस क्षेत्र की रीढ़ है, हमारे देश के विकास की रीढ़ है, किन्तु कृषि का योगदान आज लगातार घटता चला जा रहा है, इसलिए इस क्षेत्र की ओर भी हमारा ध्यान होना चाहिए।

जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए अभी तक जो भी उपाय हमने किए हैं, उनमें हमें सफलता नहीं मिली है। जो मिडल क्लास के लोग हैं, जो बड़े लोग हैं, वे इसे अपनाते हैं, लेकिन जो गांवों के गरीब लोग हैं, उन्हें लगता रहता है कि अगर हमारा बच्चा पांच वर्ष का होगा, सात-आठ वर्ष का होगा, तो वह परिवार के लिए कमाई करना शुरू कर देगा। अगर जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं होगा तो विकास के कितने भी रास्ते अपनाएंगे, शायद वे भी कम पड़ेंगे। महोदय, स्वास्थ्य के बारे

में भी मैंने चर्चा की है। यह जो विदेशी प्रत्यक्ष निवेश है, इसके बारे में तो सुब्बारामी रेड्डी जी, रमेश जी अच्छी तरह से जानते हैं कि किसमें किस तरह से विदेशी निवेश होना चाहिए, इससे देश का कितना कल्याण होगा। मैं ग्रामीण क्षेत्र से आता हूं, गांव की भाषा बोलता हूं और गांव के लोगों के बारे में चर्चा करना चाहता हूं।

डा॰ टी॰ सुब्बारामी रेड्डी: सर, यह रिजोल्यूशन मेरा नहीं है।

प्रो॰ राम देव भंडारी: मगर मैं आपको इसका एक्सपर्ट मानता हूं, कुछ विषयों पर आप एक्सपर्ट हैं और गांवों वगैरह के बारे में हम लोग भी कभी-कभी बोल लेते हैं। महोदय, यहां स्वास्थ्य मंत्री जी बैठे हुए हैं। जो गवर्नमेंट हॉस्पिटल हैं, गांवों में तो गवर्नमेंट हॉस्पिटल्ज की स्थिति वैसे भी अच्छी नहीं है। वहां उनके पास मकान नहीं होते, डाक्टर्स की भी कमी होती है, दवाइयों की भी कमी होती है। जो बड़े-बड़े हॉस्पिटल हैं, उनके बारे में भी अच्छी खबर नहीं आती। मैं किसी विशेष घटना की चर्चा नहीं करना चाहता हूं। दिल्ली के हॉस्पिटल के बारे में खबरें छपती रहती हैं यहां इमरजेंसी में भी समय पर मरीजों की देखभाल नहीं हो पाती है। एक्सिडेंट के मामले होते हैं जिनको मेडिकल सहायता की तुरन्त जरूरत पड़ती है। मैं समझता हूं कि स्वास्थ्य मंत्री जी इस ओर ध्यान देंगे, वैसे ध्यान दिया भी होगा। बड़े-बड़े हॉस्पिटल्स में जहां लाखों रुपयों में इलाज होता है वहां गरीबों का इलाज तो सम्भव नहीं है, जबकि सरकार की ओर से उन्हें मुफ्त में जमीन दी जाती है। नियम भी है कि 15 या 25 प्रतिशत गरीब लोगों का वहां इलाज होना चाहिए। परन्तु वहां ऐसा होता नहीं है। बड़े हॉस्पिटल हैं जहां लाखों रुपयों में इलाज होता है, वहां गरीब लोगों का इलाज नहीं होता है। जो सरकारी अस्पताल हैं, उन अस्पतालों में भी उनकी व्यवस्था में सुधार करना पड़ेगा। महोदय, आपने मुझे समय का याद दिलाया था, मैं ज्यादा समय लेना भी नहीं चाहता। मैं एक बार फिर से रेड्डी साहब को धन्यवाद देता हूं कि एक ही संकल्प में वे देश की तमाम बुनियादी समस्याओं को सदन के सामने लाए हैं। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं आपको धन्यवाद करता हूं, आपने मुझे समय दिया।

श्री कृपाल परमार (हिमाचल प्रदेश): धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय, डा॰ टी॰ सुब्बारामी रेड्डी जी द्वारा आज का यह संकल्प, जब सुबह में कार्यसूची देख रहा था तो उनके संकल्प का विषय पढ़कर ऐसा लगा कि तीन उद्देश्यों के कारण माननीय रेड्डी साहब यह संकल्प लेकर सदन में आए हैं। जिस विषय पर रेड्डी साहब यह संकल्प लाए हैं–रोटी, कपड़ा और मकान, इन तीनों चीजों का अभाव माननीय रेड्डी साहब के जीवन में कभी नहीं रहा। आज मैं जिस प्रदेश का प्रतिनिधित्व करता हूं–हिमाचल प्रदेश, उसमें न तो कोई ऐसा व्यक्ति है जिसके तन पर कपड़ा नहीं, न तो कोई ऐसा सर है जिसके ऊपर छत नहीं और न ही घर में कोई ऐसा चूल्हा है प्रदेश भर में जहां रात को खाना नहीं बनता, इसलिए यह मेरे गृह प्रदेश की भी समस्या नहीं है। लेकिन राज्य सभा के द्वार

पर महात्मा गांधी का एक भजन लिखा है। उसमें लिखा है कि–''वेष्णव जन तो तेने कहिए, जो पीर पराई जाणे रे।''

इंसान उसी को कहा जाता है जो दूसरों के दुख-दर्द को महसूस करता है और शायद इसी भावना के साथ रेड्डी साहब यह संकल्प लेकर आए हैं। इस संकल्प में 9 बिन्दु दिए हैं उन बिन्दुओं को विस्तार से पढ़ने के बाद मुझे उनका एक राजनीतिक उद्देश्य इसमें नजर आया। इस संकल्प में 9 के 9 बिंदु कांग्रेस सरकारों के किसी न किसी चुनाव में घोषणा पत्र के अंश रहे हैं। जब 57 साल के बाद उसी दल के एक सदस्य को यह संकल्प लाने की जरूरत महसूस हुई, तो मुझे लगता है कि रेड्डी साहब अब अपने पूर्वजों की गलतियों का प्रायश्चित भी इस संकल्प के माध्यम से कर रहे हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, ...(व्यवधान)...

डा॰ टी॰ सुब्बारामी रेड्डी: इसका पॉलिटिकल मतलब कहां से हो गया! ...(व्यवधान)...

श्री कृपाल परमार: उपसभाध्यक्ष महोदय, ...(व्यवधान)... इस संकल्प का। ...(व्यवधान)...

डा॰ फागुनी राम: उपसभाध्यक्ष महोदय, इनके लिए भी घोषणा पत्र जरूरी है। इसका इनके जीवन पर ...(व्यवधान)...

श्री कृपाल परमार: सर, मैंने यह आराम से कहा है। ...(व्यवधान)...

डा॰ फागुनी राम: यह हर आदमी को चाहिए। ...(व्यवधान)...

श्री कृपाल परमार: हां, जरूरी है, इसीलिए मैं कह रहा हूं। ...(व्यवधान)...

डा॰ टी॰ सुब्बारामी रेड्डी: सर, मैंने इसीलिए कहा कि सरकार तो बहुत प्रयत्न कर रही है, सरकार ने बहुत प्रयास किये हैं, उसका अच्छा फल मिला है, लेकिन ज्यादा पापुलेशन होने के कारण यह काफी नहीं हो पाया है। ...(व्यवधान)...

श्री कृपाल परमार: मैंने एक राजनीतिक व्यंग्य किया है, आप इसको छेड़िये। ...(व्यवधान)...

श्री जय राम रमेश: उड़ीसा में छह साल से आपकी सरकार है। ...(व्यवधान)...

श्री कृपाल परमार: उपसभाध्यक्ष जी ...(व्यवधान)...

SHRI N. JOTHI: It is a progress report of the Government of that Party. ...*(Interruptions)*...

श्री सुरेन्द्र लाठ: सर, कहां 5 साल और कहां 50 साल ? हम उड़ीसा में जरुर 5 साल से शासन कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस का शासन वहां 50 साल रहा है। ...(व्यवधान)...

श्री कृपाल परमार: सर, मुझे लगता है कि मैंने रेड्डी साहब की दुखती रग पर हाथ रख दिया है। ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI FALI S. NARIMAN): You touched the nerve.

श्री कृपाल परमार: मान्यवर, पंजाबी में एक कहावत है कि जद पेट न पइयां रोटियां, ते सब्बे गल्लां खोटियां। जिसके पेट में भोजन नहीं होगा, उसके लिए देश-भक्ति, संस्कार, ईमानदारी ये सब बेमानी चीज़ हैं। देश में आज भी 30 करोड़ लोग रात को भूखे पेट सोते हैं, तो उनको आप सुबह राष्ट्र-भक्ति और देश-भक्ति की बात सिखाने जायेंगे, तो उनके पल्ले कुछ नहीं पड़ेगा। ...(व्यवधान)...

मान्यवर, रेड्डी साहब ने जो आंकड़े रखे, जिनमें बीपीएल के नीचे सबसे अधिक लोग रहते हैं, वे प्रदेश हैं–उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, अरूणाचल प्रदेश और उड़ीसा। आज तक हमारे बीच में जितने भी प्रधान मंत्री रहे, जब उन प्रधान मंत्रियों की मैंने लिस्ट बनाई, तो अधिकांश प्रधान मंत्री हमारे इन्हीं प्रदेशों से रहे हैं, जिन प्रदेशों में सबसे ज्यादा गरीब और भूखे लोग हैं। मैंने अपने प्रदेश का उदाहरण इसलिए दिया था कि हिमाचल प्रदेश छोटा-सा प्रदेश है। इसमें लोग कठिन परिस्थितियों में रहते हैं। वे अपनी मेहनत और ईमानदारी के बल पर इस मुकाम पर पहुंचे हैं कि हिन्दुस्तान के बड़े राज्यों में, शिक्षा के क्षेत्र में, आज पहला इनाम देशभर में हिमाचल प्रदेश को मिला है। उसके पीछे कारण है कि हिमाचल प्रदेश के लोगों ने ...(व्यवधान)... कांग्रेस की सरकारें तो बाकी जगहों पर भी हैं। यह हिमाचल प्रदेश के लोगों की ईमानदारी का फल है जिसके कारण उन्हें इनाम मिला है। वर्ष 1967 में अस्तित्व में आये प्रदेश को आज देशभर में, सब क्षेत्रों में, शिक्षा में, स्वास्थ्य में, रूरल डेवलेपमेंट में, बिजली में नम्बर एक प्रदेश बना है, तो यह इस प्रदेश के लोगों की मेहनत और ईमानदारी के कारण बना है।

मान्यवर, दूसरा कारण भूमि सुधार है। आज वहां पर कोई भी व्यक्ति रात को भूखा नहीं सोता है। इसका कारण है कि हर परिवार के पास इतनी जमीन जरूर है कि वह रात को अपने खाने लायक दाने और अनाज मुहैया कर सकता है। तीसरा विषय है, भारतभर में जितनी भी भूमि है, उसको अगर बराबर लोगों में बांट दिया जाये जहां पर गरीबी और भूखमरी के केस होते हैं, अगर उन का आप ध्यान से अध्ययन करें तो वहां पर आज तक भी भूमि सुधार नहीं हुए हैं। वहां पर इतनी बड़ी-बड़ी land holdings हैं कि उनके मालिक उनको जोत नहीं सकते और जो उनको जोतते हैं, उन्हें दो वक्त की रोटी नसीब नहीं होती । यही कारण है कि वहां पर लोग भूखे मरने पर मजबूर हैं। मान्यवर, आपने सजैशंस मांगे थे। अगर भारत से, देश भर में से तीस करोड़ लोगों की

रोटी और अनाज सरकार उपलब्ध करवाना चाहती है तो सरकार को पहले देश भर में भूमि सुधार लागू करने चाहिए। दूसरा, कोई भी बंजर भूमि अपने मालिक का पेट भरने की गारंटी नहीं देती और जिस तरीके से वनों का कटाव हुआ है, बादल भी अपनी मस्ती और मर्जी से बरसते हैं, अब मानसून पर भी डिपेंड होकर आप खेती नहीं कर सकते। इसलिए देश भर में इरीगेशन के प्रबंध किए जाने चाहिए ताकि किसान अपना पेट पालने लायक अनाज अपने खेतों से पैदा कर सके। मान्यवर, जब डा॰ टी.सुब्बारामी रेड्डी ने शुरू किया था तो उन्होंने वॉटर मैनेजमेंट के बारे में कहा था। आपको जानकर हैरानी होगी कि राजस्थान और गुजरात, जहां पर हिन्दुस्तान में सबसे कम बारिश होती है, वहां पर भी किसी न किसी तरीके से लोग अपना जीवन जीने के लिए पानी का इंतजाम करते हैं और मेघालय, चेरापूंजी जहां पर हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा बारिश होती है, वहां भी लोग पीने के पानी के लिए तरसते हैं। उसका कारण यह है कि वर्षा के पानी का कुशल और ठीक प्रबंधन हिन्दुस्तान में नहीं हो पाया है। आंकड़ों के मुताबिक एक छत पर साल भर में इतना पानी गिरता है कि उसके नीचे रहने वाले लोगों के लिए वह पानी पीने के लिए काफी मात्रा में उपलब्ध रहता है। एक पंचायत में, एक गांव में साल भर में इतना पानी गिरता है कि पूरे गांव की सिंचाई के लिए अगर रोक लिया जाए तो वह पानी काफी है। लेकिन हमने मुम्बई में हालत देखी कि जब पानी बरसा तो उसको निकालने के इंतजाम किए जाने लगे और जब पानी चला गया तो उसको वापस लाने के इंतजाम किए जा रहे हैं। जब कोई हमारे घर आता है, पानी जब हमारी छत पर पड़ता है, तब हम उसको नहीं रोक पाते हैं। यही कारण है कि हमारे देश में वर्षा के पानी का ठीक प्रबंधन न हो पाने के कारण हमारे गांव में कुओं और बावड़ियों के रिवाज़ खत्म हो गए। तालाब लोग बनाना नहीं चाहते। हमारे यहां एक रिवाज है कि जिस गांव में तालाब होता है, उस गांव के कुएं भी नहीं सूखते लेकिन लोगों ने तालाब भर दिए, कुएं सूख गये और लोग प्यासे मरने के लिए मजबूर हो गए। मान्यवर, तीसरा विषय नदियों को जोड़ने का है। प्रो॰ रामदेव भंडारी कह रहे थे कि छोटी-छोटी नदियों के लिए लोग लड़ रहे हैं। अगर पूरे हिन्दूस्तान की नदियों को जोड़ दिया जाए तो उन समस्याओं का समाधान कौन करेगा? हम पानी इकट्ठा तो कर लें, बांटने के लिए लड़ने की कोई बात नहीं है। मैं आपको हिमाचल प्रदेश की दो नदियों का उदाहरण देना चाहता हूं, सतलुज और व्यास। आज से 20-25 साल पहले, सतलुज का जो एरिया है, उसमें बारिश कम होती थी, उसमें बाढ़ नहीं आती थी और भाखड़ा डैम में मई-जून के बाद बिजली का उत्पादन ठप्प हो जाता था और पंजाब में इरीगेशन के पानी की कमी आ जाती थी। दूसरी ओर व्यास नदी में बाढ़ आती थी, पानी ज्यादा मात्रा में उपलब्ध रहता था और पोंग डैम का जलाशय इतना भर जाता था कि उस पानी को छोड़ना पड़ता था। 80 के दशक में व्यास और सतलुज लिंक परियोजना के तहत एक 25 किलोमीटर लम्बी सुरंग बनाकर उन नदियों को जोड़ा गया, जहां पर लगभग ढाई सौ मैगावाट बिजली का उत्पादन तो हुआ ही, जरूरत पड़ने पर व्यास के ज्यादा पानी को भाखड़ा के डैम में डालकर वहां भी बिजली के उत्पादन को ठीक किया गया है। मान्यवर, अगर पूरे देश में

इसी प्रकार नदियों को जोड़ दिया जाए तो मैं आपको दावे से कह सकता हूं कि आने वाली नसलें, आने वाली जैनरेशन आज की सरकार को याद करेगी। मीणा साहब जब इस विषय पर बोल रहे थे, तो उन्होंने कहा कि यह सपना श्रीमती इंदिरा गांधी का था। अगर यह सपना सच में ही श्रीमती इंदिरा गांधी का था तो इस सरकार की इस सपने को साकार करने की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। मान्यवर, इसके लिए इस सरकार को ईमानदारी के साथ काम करना चाहिए और अगर यह सरकार इसके लिए कोई महत्वपूर्ण कदम उठाती है, तो यह सरकार आने वाले समय में लोगों द्वारा याद की जाएगी, ऐसा मुझे विश्वास है।

मान्यवर, जनसंख्या की वृद्धि के बारे में जो विषय रखा है, आज देश में हालत यह है कि जो बच्चे पाल सकता है, वह बच्चे पैदा नहीं करना चाहता और जो बच्चों को एक वक्त का खाना नहीं दे सकता, उसके घर में छः-छः सात-सात बच्चे हैं। भूखे पेट से पैदा बच्चे कभी भी देश का उज्जवल भविष्य नही बन सकते। इसके लिए सरकार को ईमानदारी के साथ, उन लोगों को शिक्षित करना चाहिए कि वे जितने बच्चों को निर्वाह और लालन-पालन कर सकते हैं, उतने ही बच्चे उस घर में पैदा हों, तो इस देश की जनसंख्या में वृद्धि को रोका जा सकता है। जिस प्रकार हमारे पड़ौसी देशों से हर साल 50-50 लाख के करीब लोग यहां पर आ रहे हैं, उनको भी रोकना जरूरी है। वे भी हमारी जनसंख्या में वृद्धि का कारण बन रहे हैं। अंत में, मैं डा॰ टी॰ सुब्बारामी रेड्डी को, इस संकल्प को इस सभा में प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद देता हूं, मैं अपने वक्तव्य को समाप्त करता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI. FALI S. NARIMAN): How long will you take, Mr. Gavai? There are two or three minutes left. Will you be able to finish within this time?

SHRI. R.S. GAVAI: Sir, I will begin my speech.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI FALI S. NARIMAN): Would you like to start your speech now? Or, are you going to start on 18th August, 2005? you finish at 5 o' clock, there is no problem.

SHRI R.S. GAVAI : I will start now and continue on 18th August, 2005.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI FALI S. NARIMAN): Okay.

SHRI R.S. GAVAI: Mr. Vice-Chairman, Sir, I support the Resolution moved by Dr. Subbarami Reddy. Fortunately, he is here. I will not touch whatever the points incorporated in the Resolution moved by Mr. Reddy because many of the point were discussed on the floor of the House and which are of vital importance keeping in view the national interest such

as population, connecting Southern and Northern rivers, family planning, etc. But, I will

5.00 P.M.

deal with a scheme which is in existence today. As per the policy of the Government of India, particularly, for eradication of poverty, there are so many schemes. These are under the Ministry of Rural Development and the Ministry of Urban Development. Many hon. Members have mentioned about them without assigning the name of the schemes. The Ministry of Rural Development and the Urban Development are aware of the schemes-- Indira Awas Yojana, Antyodaya Anna Yojana, Sampurna Grameena Rozgar Yojana, Food-for work Programme, Credit Guarantee Scheme, etc. -- which are under respective Ministers. The basis for implementation of these schemes is Below Poverty Line. The scheme which was dealt by Mr. Sarkar was about providing ration. My first point is , whatever policy or schemes adopted or implemented for Below Poverty Line people under the Ministry of Rural and Urban Development Ministries, is absolutely wrong. The indicator for identifying the Below Poverty Line people under the various schemes and their implementation is very faulty.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI FALI S. NARIMAN): Mr. Gavai, may we stop here because it is 5 o' clock? You can continue on the next occassion. The further discussion on the Private Members' Resolution will continue not on Friday, but on Thursday, the 18th August, the second and last day allocated for the Private Members' Resolution. The house is, now, adjourned till eleven of the clock on Monday, the 8th August, 2005.

The House then adjouned at five of the clock till eleven of the clock on Monday, the 8th August, 2005.

MGIPMRND—3040RS—12-01-2006